# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/2136 दिनांक 12/11/2013

## // अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **स्नातकोत्तर – एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी./एम.एससी (होमसाइंस) तृतीय सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी.) परीक्षा नवंबर–2013 (महाविद्यालय/अध्ययनशाला)** में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:–

<table>
<tr><td rowspan="2">विवरण</td><td colspan="4">परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण</td></tr>
<tr><td>तिथि एवं शुल्क विवरण</td><td>एम.ए.</td><td>एम.कॉम.</td><td>एम.एससी./ एमएससी. (होमसाइंस)</td></tr>
<tr><td rowspan="4">परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय/अध्ययनाशला में जमा करने की तिथि</td><td>तिथि</td><td>26.11.2013</td><td>26.11.2013</td><td>26.11.2013</td></tr>
<tr><td>नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क</td><td>955/-</td><td>955/-</td><td>1480/-</td></tr>
<tr><td>भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क</td><td>1255/-</td><td>1255/-</td><td>1780/-</td></tr>
<tr><td>एटीकेटी छात्र का परीक्षा शुल्क</td><td>600/- प्रति विषय</td><td>600/- प्रति विषय</td><td>600/- प्रति विषय</td></tr>
<tr><td>परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय/ अध्ययनाशला में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि</td><td>तिथि</td><td>28.11.2013</td><td>28.11.2013</td><td>28.11.2013</td></tr>
<tr><td>परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 1000/– के साथ महाविद्यालय / अध्ययनाशला में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि</td><td>तिथि</td><td>30.11.2013</td><td>30.11.2013</td><td>30.11.2013</td></tr>
<tr><td>विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट (UPDATE) करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय/ अध्ययनशाला द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि</td><td colspan="4">तिथि 02.12.2013</td></tr>
<tr><td colspan="5">नोटः– उपर्युक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क नियमित 60/– रूपये, भूतपूर्व छात्र 80/– रूपये, अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये तथा परीक्षा संचालक शुल्क 100/– प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। समस्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है, जिसमें 110/– की राशि चालान फार्म में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान संबंधित महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों से लिया जावेगा।</td></tr>
<tr><td colspan="5">*** ऐसे परीक्षार्थी, जिन्होंने एम.ए. की कक्षाओं में प्रायोगिक विषय लिया है, ऐसे छात्र–छात्राओं को प्रायोगिक शुल्क के रूप में 400/– की अतिरिक्त राशि जमा करनी होगी।</td></tr>
</table>

**<u>विशेष दिशा–निर्देशः–</u>**

1. उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।

2. **<u>महाविद्यालय के प्राचार्य/कम्प्यूटर प्रभारी परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय परीक्षार्थी का नाम/ पिता का नाम/माता का नाम एवं अन्य सभी जानकारियां सही–सहीं अपडेट करें।</u> प्रायः देखने में आ रहा है कि परीक्षार्थियों के नाम/पिता का नाम/माता का नाम में स्पेलिंग संबंधी त्रुटियां रह जाती है, इस कारण परीक्षार्थी को अंकसूची में संशोधन कराना पड़ता है। यदि परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र में स्पेलिंग संबंधी त्रुटि पायी जाती है तो ऐसी स्थिति में महाविद्यालय को दी जाने वाली अग्रेषण शुल्क की राशि नहीं दी जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य/अग्रेषणकर्त्ता की होगी।**

3. समस्त प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय–समूहों के अनुसार ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी विषय–समूह के अनुसार परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करें।

4. समस्त प्राचार्यगण अपने कम्प्यूटर यूजर्स को विशेष दिशा–निर्देश जारी करें, जिसमें कहें कि परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय समस्त जानकारियों को सही–सही अपडेट करें। साथ ही छात्र–छात्राओं का नवीनतम फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट करें।

5. यदि किसी परीक्षार्थी का परीक्षा आवेदन–पत्र कॉलेज लॉगिन पर ऑनलाइन नहीं भेजा गया है तो ऐसी स्थिति में कम्प्यूटर यूजर्स **NEW EXAM FORM** आप्सन का उपयोग कर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरें और चालान फार्म एवं परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट कर छात्रों को वितरित करें। यदि परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथि के उपरांत चालान फार्म में विलंब शुल्क जुड़ता है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधी परीक्षार्थी/महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।

6. प्रायः देखने में आ रहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा जब भी **ए.टी.के.टी. (A.T.K.T.)** कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथि घोषित की जाती है, उसी समय से छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र में फीस **(Fees)** संबंधी समस्या बढ़ जाती है। इसी समस्या समाधान के समाधान के लिये विश्वविद्यालय द्वारा एक नवीन ऑप्सन **Update Subject & Category** को प्रारम्भ किया गया था, जिसमें परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र में फीस संबंधी समस्या का निराकरण हो सकें।

   (i) सर्वप्रथम, **ए.टी.के.टी. (ATKT)** कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट करने से पूर्व कम्प्यूटर यूजर्स **Update Subject & Category** ऑप्सन में जाकर समस्त छात्रों का **STATUS – – B.P.** कर दें और परीक्षा आवेदन–पत्र में दर्शाये गये विषय **(SUBJECT)** चैक कर लें, कि कहीं छात्र के पेपरों के नाम गलत तो नहीं आ रहे हैं और यदि गलत आ रहे हैं तो पेपरों के नाम छात्र की अंकसूची देखकर सही अपडेट कर दें। उसके उपरांत ही छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र **Print Exam Form** ऑप्सन से प्रिन्ट निकालें और छात्रों को वितरित करें। ऐसा करने से फीस **(Fees)** संबंधी समस्या का समाधान हो जायेगा।

7. स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर परीक्षा नवंबर–2013 हेतु एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी. की कक्षाओं के नाम, जिनके परीक्षा आवेदन–पत्र सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशालाओं द्वारा अग्रेषित किया जाना हैं। **विश्वविद्यालय द्वारा द्वितीय सेमेस्टर की जिन कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किये गये हैं, उन कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की अधिसूचना पृथक से बाद में घोषित की जावेगी।**

| | Name of Courses | For College / SOS | | | Name of Courses | For College / SOS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | M.A. (A.I.H.C. & Archeology) | -- | SOS | | M.Sc. (Electronics) | -- | SOS |
| | M.A. (Jyotirvigyan) | -- | SOS | | M.Sc. (Environmental Chemistry) | -- | SOS |
| | M.A. (Economics) | College | SOS | | M.Sc. (Environmental Science) | -- | SOS |
| | M.A. (English) | College | SOS | | M.Sc. (Food Technology) | -- | SOS |
| | M.A. (Geography) | College | SOS | | M.Sc. (Geology) | -- | SOS |
| | M.A. (Hindi) | College | SOS | | M.Sc. (Molecular & Human Genetics) | -- | SOS |
| | M.A. (History) | College | SOS | | M.Sc. (Neuroscience) | -- | SOS |
| | M.A. (Mathematics) | College | SOS | | M.Sc. (Remote Sensing & GIS) | -- | SOS |
| | M.A. (Sanskrit) | College | SOS | | M.Sc. (Biochemistry) | College | SOS |
| | M.A. (Sociology) | College | SOS | | M.Sc. (Botany) | College | SOS |
| | M.A. (Political Science) | College | SOS | | M.Sc. (Chemistry) | College | SOS |
| | M.A. (Defence & Strategic Studies) | College | -- | | M.Sc. (Computer Science) | College | SOS |
| | M.A. (Drawing & Painting) | College | -- | | M.Sc. (Industrial Chemistry) Fine/Pharma | College | SOS |
| | M.A. (Music) | College | -- | | M.Sc. (Mathematics) | College | SOS |
| | M.A. (Dance Music) | College | -- | | M.Sc. (Microbiology) | College | SOS |
| | M.A. (Instrument) | College | -- | | M.Sc. (Physics) | College | SOS |
| | M.A. (Philosophy) | College | -- | | M.Sc. (Zoology) | College | SOS |
| | M.A. (Psychology) | College | -- | | M.Sc. (Defence & Strategic Studies) | College | -- |
| | **M.Com.** | College | SOS | | M.Sc. Home Science (Food & Nutrition) | College | -- |

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

C.Shinde

**परीक्षा नियंत्रक,**

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक ............................................................ की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)**